an>

Title : Regarding damage caused to agricultural produce by heavy rains and flood in Jammu & Kashmir -laid.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): जम्मू कश्मीर राज्य में पिछले दिनों से हो रही बरसात से कई जगह पर बाढ़ से काफी जान माल का नुक्सान हो रहा है, किसानो की फसल और खेती योग्य भूमि ख़राब हो गयी है, जिसके कारण किसानो को बहुत नुक्सान हो रहा है, अतः आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि ऐसे किसानों के लिए कोई ठोस कदम उठाये जायें या सरकार द्वारा कोई ऐसी कोई योजना बनाया जायं , जिससे कि इन किसानो को इनकी फसल और ख़राब हुई खेती योग्य भूमि का पूरा मुआवज़ा मिल सके क्योकि देश का किसान खेती पर ही निर्भर होता है ।

आपदा में हुए जान माल के नुकसान को कम करने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जायें , जिससे की भविष्य में ऐसा न हो ।

मैं सरकार से कहना चाहता हूँ कि ऐसी विपदा से होने वाले नुक्सान से बचने के लिए नवीन प्रणाली से युक्त संयंत्र लगाये जाये, जिससे कि ऐसी विपदाओं का पूर्वानुमान हो सके, और किसानों के लिए भी ऐसी कोई योजना लायी जाये, जिसमे इनकी फसलों और भूमि का बीमा हो सके, जिससे किसानो को भूखा न मरना पड़े ।